## न्यूज डायरी



### चिंतित संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दिया वैश्विक टीकाकरण पर जोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने वैश्विक वैक्सीनेशन प्लान पर जोर दिया। दुनिया भर में कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों का आंकड़ा 40 लाख के पार जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, श्दुनिया आज कोविड–19 महामारी के कारण एक और दुखद आंकड़े पर पहुंच गई। 40 लाख जिंदगियां वायरस के कारण खत्म हो गई। पृथ्वी पर तीन देशों में से एक की जनसंख्या से अधिक मौतें हुई हैं। उन्होंने कोरोना वैक्सीन को उम्मीद की किरण बताते हुए कहा कि अब भी कई देश इससे महरूम हैं। वैक्सीन वितरण को वायरस पछाड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी और कहा, श्महामारी दूर होने में अभी लंबा वक्त लगेगा। इस साल आधे से अधिक संक्रमितों की जान चली गई। यह जितना अधिक फैलेगा उतने अधिक इसके वैरिएंट की उत्पत्ति होगी जो अधिक घातक होते जाएंगे और वैक्सीन भी इनपर कारगर नहीं होगा।

### ताइवान के साथ आई जापानी सेना तो मिटा देगी पीएलए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। जापान के उप प्रधानमंत्री तारो आसो के ताइवान पर चीन के हमले की सूरत में जापानी सेना के मदद के बयान से ड्रैगन बुरी तरह से भड़क उठा है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के एडिटर हू शिजिन ने धमकी दी है कि अगर जापानी सेना ताइवान की मदद के लिए आई तो उसे चीन की सेना मिटा देगी। इससे पहले आसो ने कहा था कि अगर चीनी हमला होता है तो अमेरिका के साथ जापान को ताइवान की मदद करने की जरूरत होगी। हू शिजिन ने चीन के सोशल मीडिया वेबसाइट वीबो पर जापानी उप प्रधानमंत्री को बड़ा मुंह वाला बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ताइवान स्ट्रेट में युद्ध होता है तो जापान के लिए अच्छा होगा कि वह इससे दूर रहे। अगर जापान की सेना युद्ध में शामिल होती है और चीन की सेना पर हमले करती है तो पीएलए जापानी सेना को तबाह कर देगी।

### 2030 तक गरीबी में धकेली जा सकती हैं करीब 10.5 करोड़ महिलाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) का कहना है कि कोविड–19 से निपटने के लिए करीब 11 टास्कफोर्स बनाई गई हैं। लेकिन इनमें से अधिकतर में महिलाओं की संख्या जीरो है। जबकि केवल छह फीसद टास्कफोर्स ऐसी काम कर रही हैं जहां पर पुरुष और महिलाओं की बराबर भागीदारी है। संगठन की प्रमुख अचिम स्टेनर द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि हम जो आज फैसला कर रहे हैं वो भविष्य में आने वाली हमारी जनरेशन और हमारी इस पृथ्वी को प्रभावित करेंगे। उनका कहना है कि लगातार सुधार तभी संभव है जब इस महामारी के बाद महिलाएं दुनिया को एक नया आकार देने की भूमिका निभाने में सक्षम हों।

### 12 जुलाई से 22 अगस्त तक टोक्यो में रहेगा आपातकाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए टोक्यो में आपातकाल का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार से सख्ती के साथ इसे लागू किया जाएगा जो 22 अगस्त तक जारी रहेगा। यहां आयोजित होने वाले ओलंपिक को लेकर एहतियातन यह फैसला लिया गया है। गुरुवार को जापान के एक मंत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बड़े आयोजन की सुरक्षा को लेकर आयोजकों ने गेम्स के दर्शकों पर रोक लगाने का विचार किया है ताकि कोरोना संक्रमण न फैले। महामारी के कारण ओलंपिक पहले ही टाली गई थी और अब इस फैसले से भी प्रशंसकों में नाराजगी है। जापानी चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा है कि दर्शकों पर प्रतिबंध लगाना संक्रमण को रोकने का बेहतर विकल्प है। यहां पहले ही विदेशी दर्शकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जापान में इस बात की चिंता है कि दुनियाभर से प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करने से कोविड–19 का प्रकोप बढ़ सकता है।

# अफगान तालिबान को यूं साधने में जुटा भारत

## ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ से मिले भारतीय विदेश मंत्री

**मंसूबे**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों के सत्ता में आने की आशंका प्रबल होते देख पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान काफी खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि अगर तालिबान अफगानिस्तान में फिर आता है तो पाकिस्तान को जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद को फैलाने में मदद मिलेगी। इस बीच भारत ने भी पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे फेल करने के लिए कमर कस ली है। कतर की यात्रा के बाद भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस जाते समय अचानक से ईरान पहुंच गए। ये तीनों ही देश अफगानिस्तान के भविष्य के निर्धारण में बेहद अहम भूमिका निभाने जा रहे हैं।

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ के साथ मुलाकात की। दिलचस्प बात यह थी कि इस मुलाकात के ठीक पहले ईरानी विदेश मंत्री ने



तालिबान और अफगान सरकार के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक शुरू कराई थी। जयशंकर ने ईरान के राष्ट्रपति चुने गए इब्राहिम रईसी के साथ भी मुलाकात की। जयशंकर पहले ऐसे विदेश मंत्री हैं जो ईरान के नए राष्ट्रपति से मिले हैं।

ईरानी विदेश मंत्री के साथ अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा की ईरानी राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान भारतीय विदेश मंत्री उन्हें पीएम मोदी का निजी संदेश सौंपा। सूत्रों के मुताबिक ईरानी विदेश मंत्री के साथ मुलाकात के दौरान जयशंकर ने अफगानिस्तान के मुद्दे पर प्रमुखता से चर्चा की। यह चर्चा ऐसे समय पर हुई जब तालिबान ने अफगानिस्तान के 10 फीसदी जिलों पर कब्जा कर लिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा, दोनों पक्षों ने अंतर अफगान संवाद को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया ताकि अफगानिस्तान के मुद्दे का व्यापक राजनीतिक हल निकल सके।

इस बातचीत के कुछ घंटे पहले ही ईरान की राजधानी तेहरान में अंतर–अफगान बातचीत हुई थी। इस बातचीत में तालिबान और अफगान सरकार के दिग्गज वार्ताकारों ने हिस्सा लिया। इस बातचीत पर ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री ने एक व्यापक राजनीतिक समाधान के लिए तालिबान और अफगान सरकार के बीच इस बातचीत को आयोजित करने के लिए ईरान को बधाई दी। जरीफ और जयशंकर के बीच बातचीत में चाबहार प्रॉजेक्ट पर भी बातचीत हुई। भारत ने इस अहम परियोजना में निवेश किया है।

ईरान के बाद अब विदेश मंत्री जयशंकर रूस पहुंच रहे हैं जहां पर उनकी तालिबान और अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा होने के आसार हैं। माना जा रहा है कि रूस अफगानिस्तान के भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है। इससे पहले जयशंकर कतर भी गए थे जहां उन्होंने कतर के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। कतर वही जगह है जहां पर तालिबान के वार्ताकारों ने एक डील पर हस्ताक्षर किया था।

## कश्मीर और भारतीय मुसलमानों के मुद्दे पर कूदा ओआईसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। पाकिस्तान की शह पर इस्लामिक देशों का संगठन कश्मीर विवाद और भारतीय मुसलमानों के मुद्दे पर अब कूद पड़ा है। ओआईसी के कार्यकारी प्रमुख ने सऊदी अरब में भारतीय राजदूत के साथ दुर्लभ मुलाकात में भारतीय मुसलमानों के मुद्दे को उठाया और जम्मू–कश्मीर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बैठक का भी आह्वान किया।

ओआईसी ने एक बयान जारी करके कहा कि भारती राजदूत औसफ सईद ने ओआईसी के महासचिव यूसुफ अल ओथइमीन के साथ 5 जुलाई को जेद्दा में शिष्टाचार मुलाकात की। उसने कहा कि ओआईसी के महासचिव ने भारतीय राजदूत सईद के साथ मुलाकात के दौरान भारत में मुसलमानों की कथित रूप से चिंताजनक स्थिति, जम्मू–कश्मीर विवाद पर समीक्षा की। यह अपने आप में बेहद असामान्य है कि भारतीय राजदूत ओआईसी के महासचिव के साथ मुलाकात करें। भारतीय दूतावास या विदेश मंत्रालय की ओर से अभी कोई बयान इस संबंध में नहीं आया है।

दो साल पहले जब भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने ओआईसी की बैठक में हिस्सा लिया था।



## बोत्सवाना की फिर खुली किस्मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गबोरोने। अफ्रीकी देश बोत्सवाना की किस्मत ने एकबार फिर से उसका साथ दिया है। बोत्सवाना में सफेद रंग का एक विशाल हीरा मिला है। इसे दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा बताया जा रहा है। यह हीरा काफी बड़ा और आकर्षक है। बताया जा रहा है कि इस हीरे का वजन 1,174.76 कैरेट है। इस हीरे को हीरा कंपनी लूकारा ने खोजा था और 7 जुलाई को इसे राष्ट्रपति को सौंपा गया। इतना विशाल हीरा मिलने से बोत्सवाना के राष्ट्रपति मोकगवेत्सी बहुत खुश हो गए और उन्होंने लगातार देश में हीरे मिलने का स्वागत किया।

## ओमान ने दिया बड़ा झटका, भारत, पाक समेत 24 देशों से उड़ानों पर रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। ओमान में काम कर रहे हजारों भारतीयों के लिए बुरी खबर है। ओमान ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत 24 देशों से यात्री विमानों के देश में प्रवेश पर अनिश्चितकाल तक के लिए गुरुवार को रोक लगा दी। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के खाड़ी देश के प्रयासों के तहत यह फैसला किया गया है। सल्तनत के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से घोषणा की गई कि अगले नोटिस तक उड़ानों पर रोक लगाई गई है। इसने कहा कि यह फैसला कोरोना वायरस वैश्विक महामारी की रोकथाम के लिए किए जा रहे देश

**कोरोना के संक्रमण से अब तक 3,356 लोगों की मौत**

के उपायों के मद्देनजर लिया गया है। सूची में शामिल अन्य देशों में ब्रिटेन, ट्यूनीशिया, लेबनान, ईरान, इराक, लीबिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, इंडोनेशिया, फिलीपीन, इथियोपिया, सूडान, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, घाना, सिएरा लियोन, नाइजीरिया, गुएना, कोलंबिया, अर्जेंटीना और ब्राजील हैं। इनमें से कुछ देशों से आगमन पर प्रतिबंध 24 अप्रैल से ही लागू है।

ओमान में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,675 नये मामले सामने आए थे जिसके बाद देश में संक्रमण के कुल मामले 2,80,235 हो गए। देश में कोरोना वायरस के संक्रमण से अब तक 3,356 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले यूएई ने भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, वियतनाम, नामीबिया, जाम्बिया समेत कई देशों के नागरिकों की यात्रा पर ताजा बैन लगा दिया था। यूएई की सरकारी न्यूज एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यात्रा सीजन की शुरुआत में कोरोना से बचाव के सभी उपाय अपनाने होंगे।

यूएई ने पिछले महीने ही 13 देशों से यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। दुबई ने 19 जून को कहा था कि जिन लोगों ने पिछले 14 दिनों में भारत की यात्रा करने वाले लोगों पर लगाए गए बैन में ढील दी जाएगी।

### पत्रकारों के लिए पाकिस्तान खतरनाक जगह, छीनी जा रही अभिव्यक्ति की आजादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान पत्रकारों के लिए सबसे खतरनाक जगहों में से एक है। यहां ऑनलाइन दुर्व्यवहार, घृणा और शारीरिक हिंसा के कारण महिला पत्रकारों की स्थिति और भी भयावह है। आरएसएफ की 2020 वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में पाकिस्तान 180 देशों में से 145वें स्थान पर है। मीडिया प्रहरी फ्रीडम नेटवर्क ने कहा कि पाकिस्तान में 2013 से 2019 के बीच 33 पत्रकारों को उनके काम की वजह से मार दिया गया। पाकिस्तान में सख्त सामाजिक मानदंडों के कारण महिला पत्रकारों को हिंसा और धमकियों का खतरा और भी अधिक होता है। एक रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि प्रिंट मीडिया में काम करने वाले पत्रकारों के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम करने वाले पत्रकारों की तुलना में कानूनी कार्रवाई दोगुनी की जाती है। पाकिस्तान के लेखक मेहमिल खालिद ने पाकिस्तान डेली में लिखा है कि पत्रकारों को बड़ी संख्या में रोजाना दुष्कर्म, शारीरिक हिंसा की धमकियों का सामना करना पड़ता है।